~~(रोजगार समाचार में प्रकाशनार्थ)~~

राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण

(जल संसाधन ,नदी विकास गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार की सोसाइटी)

<u>महानिदेशक के एक पद के लिए रिक्ति परिपत्र</u>

प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन सविंदा सहित) द्वारा भरने के लिए वेतन मैट्रिक्स स्तर -15 (182200-224100 रूपए/-) में महानिदेशक, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण (एनडब्लूडीए), के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं| एनडब्लूडीए, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत पंजीकृत एक स्वायत्त निकाय है| महानिदेशक, एनडब्लूडीए अभिकरण के कार्यकारी प्रमुख हैं और उन्हे अभिकरण के उद्देश्य प्राप्त करने के लिए सभी तकनीकी अध्ययनों, सर्वेक्षणों का पर्यवेक्षण, मार्गदर्शन तथा समन्वय करना होता है |

पात्रता मानदंड पूरे करने वाले व्यक्ति उचित माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में यथा हस्ताक्षरित आवेदन अवर सचिव (स्थापना –IV), जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, कमरा सं 428-A, श्रम शक्ति भवन, रफ़ी मार्ग , नई दिल्ली-110001 और ईमेल द्वारा use4-mowr@nic.in एवं soe4-mowr@gov.in को भेज कर आवेदन कर सकते हैं| आवेदन, रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित होने की तारीख से 45 दिन के अन्दर प्राप्त हो जाने चाहिए |

आवेदन की अग्रिम प्रति अथवा निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त होने अथवा अपेक्षित सूचना/दस्तावेज संलग्न न किये जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त किया जा सकता है |

उपर्युक्त पद के संबंध में और अधिक ब्यौरा nwda.gov.in, mowr.gov.in और dopt.gov.in पर उपलब्ध है।

15/2/2024

(नारायणन् भट्टादिरी के पी)
अवर सचिव, भारत सरकार

CBC 45113/12/0003/2324